दिन–रविवार दिनांक– 14 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। संपादक– धर्मेन्द्र कुमार राय
अवधिः– 15 मिनट टंकक– गोपाल कुमार

---

पहले मुख्य समाचार.......

01. भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी किया। समान नागरिक संहिता, एक राष्ट्र एक चुनाव, एकल मतदाता सूची और पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत अगले पांच वर्षों के लिए मुफ्त राशन का वादा किया गया।

02. कांग्रेस और राजद ने भाजपा के घोषणा पत्र को चुनावी जुमला करार दिया। राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा–घोषणा पत्र में युवाओं और किसानों का कोई जिक्र नहीं।

03. लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए राजनीतिक दलों का प्रचार जोरो पर। भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बांका और जमुई में चुनावी सभाओं को सम्बोधित किया।

04. और, लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व चैती छठ के तीसरे दिन आज व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। कल उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ छठ महापर्व संपन्न हो जायेगा।

विस्तार से.........

———————————————————————————

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनावों के लिए आज अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की उपस्थिति में यह घोषणा पत्र जारी किया गया। इसे संकल्प पत्र नाम दिया गया है। नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में जारी किए गए संकल्प पत्र में एक राष्ट्र–एक चुनाव, समान नागरिक संहिता और एकल मतदाता सूची का वादा किया गया है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि संकल्प पत्र युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों को सशक्त बनाता है जो विकसित राष्ट्र के चार मजबूत स्तंभ हैं। श्री मोदी ने कहा कि संकल्प पत्र जीवन की गरिमा और जीवन की गुणवत्ता पर केंद्रित है।

———बाईट———

———————————————————————————

भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र का एनडीए के सहयोगी दलों ने स्वागत किया है। उपमुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि घोषणा पत्र में अगले पाँच सालों के दौरान देश को हर क्षेत्र में विकसित बनाने का संकल्प लिया गया है।

———बाईट———

इधर, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि भाजपा का घोषणा पत्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच का परिचायक है।

———बाईट———

भाजपा के घोषणा पत्र को को चुनावी जुमला करार देते हुए कांग्रेस ने कहा है कि घोषणा पत्र में महंगाई और बेरोजगारी जैसे शब्द गायब हैं। पार्टी नेता राहुल गाँधी ने ट्वीट करते हुए कहा कि लोगों के जीवन से जुड़े सबसे अहम मुद्दों पर भाजपा चर्चा करना नहीं चाहती। इधर, राजद ने कहा है कि भाजपा के घोषणा पत्र में किसी के लिए कुछ नहीं है। पार्टी नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि घोषणा पत्र में युवाओं और किसानों के बारे में कोई जिक्र नहीं किया गया है।

———बाईट———

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण को लेकर प्रचार अभियान जोरो पर है। एनडीए और इंडिया गठबंधन समेत कई दलों के नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को सम्बोधित कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज जमुई और बांका में एनडीए के उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभा को सम्बोधित किया। जमुई में सभा को सम्बोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि एनडीए की सरकार बनने पर गरीबों और वंचितों को उनका पूरा हक प्रदान किया जायेगा। वहीं, बांका के शम्भूगंज में सभा को सम्बोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस सालों के दौरान दुनिया में भारत का मान–सम्मान बढ़ा है।

———बाईट———

वहीं, राजद नेता तेजस्वी यादव ने गया के वजीरगंज और इमामगंज, नवादा के कौवाकोल, बांका के फुल्लीडुमर और जमुई के झाझा में इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के

पक्ष में चुनावी सभा को सम्बोधित किया। इस अवसर पर श्री यादव ने कहा कि केन्द्र में इंडी गठबंधन की सरकार बनने पर अग्निवीर योजना को समाप्त कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए वीरगति को प्राप्त होने वाले अर्द्धसैनिक बलों को शहीद का दर्जा दिया जायेगा।

——————————————————————————

और अब पेश है– लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे शिवहर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

———बाईट——

शिवहर लोकसभा क्षेत्र में छठे चरण के तहत पच्चीस मई को मतदान होगा। जिलाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि चुनाव में मतदाताओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए लगातार जागरूकता का कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

———बाईट–जिलाधिकारी–1———

जिलाधिकारी ने बताया कि मतदान केन्द्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है।

———बाईट–जिलाधिकारी–2———

पहली बार वोट करने वाले मतदाताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

———बाईट–मतदाता———

इधर, चुनाव घोषणा के साथ ही जिला प्रशासन आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में जुट गया है। पुलिस अधीक्षक अनंत कुमार राय ने बताया कि चुनाव को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

———बाईट– पुलिस अधीक्षक———

जिले में राजनीतिक दलों का चुनाव अभियान भी जोर पकड़ने लगा है। आकाशवाणी समाचार के लिए शिवहर से हरिकांत सिंह।

——————————————————————————

महागठबंधन ने मधुबनी के झंझारपुर से प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। महागठबंधन मे शामिल विकासशील इंसान पार्टी के सुमन कुमार को झंझारपुर से उम्मीदवार बनाया गया है। वीआईपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता देव ज्योति ने बताया कि पार्टी अन्य दो सीटों पर जल्द ही उम्मीदवारों की घोषणा करेगी। गौरलतब है कि मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी को राजद ने अपने कोटे से झंझारपुर, गोपालगंज और पूर्वी चंपारण की सीट दी है।

——————————————————————————

नालंदा जिले के उपविकास आयुक्त वैभव श्रीवास्तव ने आज मतदाता जागरूकता को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में चालीस प्रतिशत से कम

मतदान वाले दो सौ नब्बे बूथों पर विशेष रूप से मतदाता जागरूकता अभियान और तेज करने का आदेश दिया।

———————————————————————————

भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पी डॉक्टर बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर कृतज्ञ राष्ट्र ने आज उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद परिसर में डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में देशवासियों से डॉक्टर अम्बेडकर के आदर्शों और उनके कार्यों को समेकित रूप से अपनाने की अपील की ताकि देश का समावेशी विकास हो सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि डॉ. आम्बेडकर के दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के कारण आज के भारत की छवि बिल्कुल अलग है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर अम्बेडकर की दृष्टि देश के विकास के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। इधर, डॉक्टर अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर प्रदेश में भी कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पटना में आयोजित राज्यकीय समारोह में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। आकाशवाणी पटना में भी इस अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केन्द्र अध्यक्ष आर. के. मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों और कर्मियों ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पीत की। पटना में इनर्जी इंटरनेशनल के तत्वाधान में आयोजित समारोह में संस्था के अध्यक्ष विजय नारायण झा ने कहा कि डॉक्टर अम्बेडकर ने कमजोर वर्गों को आगे बढ़ाने के साथ–साथ समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का काम किया। रोहतास जिले के नासरीगंज प्रखंड के पोखराहा गांव में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में शिक्षक बबन राम ने कहा कि बाबा साहब ने वंचित वर्ग को आत्मसम्मान दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया था।

———————————————————————————

और, अब बात महापर्व चैती छठ की

——म्यूजिक——

लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व चैती छठ के तीसरे दिन आज व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। कल उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ महापर्व का समापन हो जायेगा। छठ को लेकर पूरे प्रदेश का माहौल भक्तिमय हो गया है। विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि जगह–जगह मठ और

मंदिरों की सजावट की गयी है। पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने बताया कि छठ घाटों पर भीड़ समाप्त होने तक पुलिस के जवान तैनात रहेंगे।

––म्यूजिक––

————————————————————————————

चैत्र नवरात्र के छठे दिन आज देवी दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप की पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जा रही है। मान्यता है कि माता के कात्यायनी स्वरूप की आराधना से रोग, शोक और संताप का हरण होता है। इस अवसर पर राजधानी पटना सहित प्रदेश के विभिन्न मंदिरों और शक्तिपीठों में पूजा–अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

————————————————————————————

अंत में मुख्य समाचार

01. भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी किया। समान नागरिक संहिता, एक राष्ट्र एक चुनाव, एकल मतदाता सूची और पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत अगले पांच वर्षों के लिए मुफ्त राशन का वादा किया गया।

02. कांग्रेस और राजद ने भाजपा के घोषणा पत्र को चुनावी जुमला करार दिया। राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा–घोषणा पत्र में युवाओं और किसानों का कोई जिक्र नहीं।

03. लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए राजनीतिक दलों का प्रचार जोरो पर। भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बांका और जमुई में चुनावी सभाओं को सम्बोधित किया।

04. और, लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व चैती छठ के तीसरे दिन आज व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। कल उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ छठ महापर्व संपन्न हो जायेगा।

————————————————————————————

समाप्त हुआ।

जिला विविध

कैमूर जिले के भभुआ–भगवानपुर सड़क पर दो वाहनों के टक्कर में मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई।

कैमूर के भभुआ मे डॉक्टर अम्बेडकर की जयंती समारोह में बिना अनुमति डीजे बजाने के आरोप में जिला प्रशासन ने डीजे संचालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

राय／आफताब– 14.04.2024 पीटीसी